# एक छोटी सी जांच से तुरंत पता लग जाएगी बीमारी

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में मेडिकल क्षेत्र में बड़ी रिसर्च सामने आई है। संस्थान ने होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट मुंबई (एचबीएनआई) और राजा रमन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआरकैट) ने मिलकर ऐसा उपकरण तैयार किया है, जिसकी सहायता से कोई भी बीमारी शुरुआती स्टेज पर पता लगाई जा सकेगी। नैनो ट्रेप इनहैंस्ड रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एनटीईआरएस) उपकरण से शरीर में पाए जाने वाले बायोकेमिकल बदलाव की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। रमन सिग्नल, नैनो टेक्नोलॉजी, लेजर और अन्य माध्यमों से नैनो पार्टिकल्स में पाए जाने वाले ऐसे केमिकल की पहचान करना आसान हो जाएगा, जो विभिन्न तरह की बीमारियों का कारण हो सकते हैं। आईआईटी का कहना है कि उपकरण में इस तरह की खूबियां हैं कि अगर बॉडी के केमिकल में सूक्ष्म स्तर पर भी बदलाव आता है तो इसकी जानकारी निकाली जा सकती है। उदाहरण के तौर पर अगर किसी को सर्दी, खांसी होती है और इस समय में मरीज के बायोकेमिकल बदलाव का टेस्ट कर लिया जाता है तो पता किया जा सकता है कि लक्षण बेसिक है या किसी कारण से ऐसा हो रहा है।

**(एचबीएनआई और आरआरकैट ने मिलकर तैयार किया है उपकरण)**

Nai Dunia (Indore), 2nd March 2019, Nai Dunia Live, Page-17